## महत्वपूर्ण न्यूज

### छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा के लिए शक्ति पेट्रोलिंग टीम गठित, एसपी ने दिखाई हरी झंडी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा में शक्ति पेट्रोलिंग की शुरुआत की गई है। समाहरणालय परिसर से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस कर्मियों को रवाना किया। शक्ति पेट्रोलिंग में चार स्कूटी पर सवार दो-दो महिला सहायक पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगी, जो छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए चयनित रूट में पेट्रोलिंग करेंगी। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शक्ति पेट्रोलिंग के लिए वर्तमान में चार रूट निर्धारित किया गया है। इनमें चिनियां मोड़ से लेकर कल्याणपुर स्थित महिला कॉलेज तक, थाना से लेकर प्रखंड कार्यालय, कचहरी, नवादा मोड़ होते हुए चिरौंजिया मोड़ तक, रॉकी मोहल्ला, संघत मोहल्ला सहित मेन रोड और टंडवा मोहल्ला तक रूट निर्धारित किया गया है। एसपी ने कहा कि छेड़खानी की शिकायत लगातार मिल रही थी। इसकी रोकथाम के लिए शक्ति पेट्रोलिंग की शुरूआत की गई है। इस दौरान स्कूल, कॉलेज व कोचिंग के समय और बाजार में गश्ती किया जाएगा। साथ ही पर्व-त्योहार को लेकर बाजार में भीड़-भाड़ की स्थिति होने पर महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है। जरूरत पड़ने पर शक्ति पेट्रोलिंग की संख्या बढ़ाई जाएगी। शक्ति पेट्रोलिंग महिला थाना से संचालित किया जाएगा। मौके पर सार्जेंट मेजर ओम प्रकाश दास, महिला थाना प्रभारी रिना दास आदि मौजूद थीं।

### दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बी.एड. सत्र 2021-23 का विदाई समारोह एवं बी.एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविन्द सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ने नवागंतुक प्रशिक्षुओं को आशीर्वचन दिया एवं 2021-23 के प्रशिक्षुओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या डॉ. सुनीता गुप्ता ने नवागंतुक प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय के नियमों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षुओं को अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी तथा 2021-23 के प्रशिक्षुओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। आज के कार्यक्रम में 2021-23 के प्रशिक्षुओं को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी अवार्ड से सम्मानित कर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओ द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कमलेश तिवारी, डॉ. पंकज कुमार, सुबोध शर्मा, राकेश कुमार सिंह तथा चन्दन ठाकुर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बी. एड. एवं डी. एल. एड. के सारे प्राध्यापक ओम प्रकाश, अरविन्द तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, आनंद कुमार चौबे, अशोक यादव, जनार्दन, अभिमन्यु शुक्ला तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर धर दुबे, संतोष ठाकुर, बी.एन. सिंह आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन बी.एड. 2022-24 के प्रशिक्षुओं के द्वारा किया गया। प्रशिक्षुओं में चन्दन, रविशंकर, सचिन, आनंद, पूजा, रीमा, अंजनी, निधि, प्रीति आदि सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन राजू पाल एवं रीमा गुप्ता के द्वारा किया गया।

### कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के कार्यकर्ता के निधन पर शोकसभा आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के कार्यकर्ता गया जिला के फतेहपुर थाना क्षेत्र के तरमा गांव निवासी प्रभुताती 55 वर्ष की निधन के बाद संस्था में शोक का लहर है। संस्था के कार्यकर्ता के निधन के बाद गढ़वा कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने बताया कि प्रभु तांती हमारे संस्था के लिए एक पिलर की तरह कार्य कर रहे थे। वे संस्था के स्थापना 2010 से हमारे संस्था के लिए जी जान से मेहनत भी कर रहे थे। उनके निधन से संस्था को काफी क्षति हुई है। प्रभु तांती जैसे ईमानदार और नेक कार्यकर्ता मिलना बहुत ही मुश्किल होता है। प्रभु तांती संस्था के लिए कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि एक गार्जियन के रूप में भी दिशा निर्देश दिखाने का भी कार्य करते थे। संस्था के सचिव ने बताया कि उनके निधन के बाद संस्था की ओर से उनके परिवार के किसी भी सदस्य के लिए संस्था हरसंभव सहायता के लिए सदैव तत्पर है। फिलहाल उनके निधन की सूचना मिलते ही संस्था के सह सचिव राजेश कुमार सिंह, संजय सिंह, महेश बिंद, अर्जुन माली ने उनके आवास पर पहुंचकर ढंडस बंधाया और उनके परिवार को हरसंभव मदद की बात कही।

**कार्यक्रम : मध्यदेशीय वैश्य हलुवाई समाज ने बाबा गणिनाथ महाराज की जयंती धूमधाम से मनायी**

# संगठित होने से ही होगा समाज के लोगों का विकास : अनिल साव

**जयंती समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन**






आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलुवाई समाज के तत्वावधान में बाबा गणिनाथ महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती कार्यक्रम का आयोजन शहर के नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरेज हॉल में किया गया। उक्त कार्यक्रम में गढ़वा जिला के अलावे झारखंड प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ अनिल साव ने कहा कि समाज के सभी लोगों को संगठित होने की आवश्यकता है। जब तक संगठित नहीं होंगे, समाज का विकास होना असंभव है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को शैक्षणिक, राजनैतिक के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को स्वतंत्र होकर व्यवसाय करने की जरूरत है। किसी के दबाव में किसी तरह का कार्य न किया जाए।

सूरज गुप्ता ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने की बात कही। रामदास साहू ने कहा कि आज काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए हैं। इससे साबित होता है कि समाज के लोग पूर्व की अपेक्षा वर्तमान समय में काफी जागरूक हुए हैं।

अंजली गुप्ता ने कहा कि समाज के लोगों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कहा कि अपने बच्चे-बच्चियों को उच्च शिक्षा जरूर दें। बच्चे-बच्चियों को पढ़ने में असुविधा हो तो उन्हें समाज के लोग मिलकर मदद करें।कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र मद्धेशिया व अनिल मद्धेशिया ने किया।

जयंती समारोह के अवसर पर कुर्सी रेस, मेंहदी प्रतियोगिता, वैवाहिक परिचय, निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मैट्रिक व इंटर के परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष उमानाथ गुप्ता, अनिल प्रसाद, जगनारायण प्रसाद, महामंत्री विजय प्रसाद, डॉ सुरेन्द्र प्रसाद सोनू मद्धेशिया युवा समिति के मधुर मद्धेशिया, महेंद्र प्रसाद, अंतू मद्धेशिया, मनदीप कुमार, दीपक कुमार, छोटू कुमार, अविनाश कुमार, कन्हैया कुमार, रुपेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, गोपाल प्रसाद, दिव्य प्रकाश, रघुबीर, रवि रंजन, मिंटू मद्धेशिया, विनोद प्रसाद, अनिल प्रसाद, शंभू प्रसाद, अनिल बदामी, मनोज प्रसाद, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार झारखंड लाइट, आशीष कुमार, मीना देवी, गायत्री देवी, आदि लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

**राज्य की हेमंत सरकार कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य की है : ओबेदुल्लाह अंसारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हाई स्कूल के मैदान में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला अध्यक्ष ओबेदुलाह अंसारी ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य की है। भाजपा सरकार देश में महंगाई से लोगो को घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया। बेरोजगारी चरम पर है। पढ़े-लिखे युवक बाहर में मजदूरी करने पर विवश हैं। भाजपा सरकार बड़े राजघराने अडानी-अंबानी से देश की संपत्ति बेचने पर दिन-रात लगे हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गयी भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूरा होने पर आज पूरे देश में कांग्रेस के प्रति रुझान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस यात्रा का अच्छा संदेश गया है। राहुल गांधी ने नफरत की जगह मोहब्बत फैलाने का सन्देश पूरे देश को दिया है। प्रदेश सचिव अरविंद कुमार तूफानी ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आने वाली भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार अंतिम पायदान पर है। पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार नहीं मिलने से उनमें आक्रोश है। देश के किसान परेशान हैं। सरकार इन समस्याओं का निदान करने के बजाय नफरत फैला रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता सब देख रही है। आनेवाले 2024 में सरकार को मुहतोड़ जबाब देने के लिए जनता तैयार है।

कार्यक्रम को 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, डंडई 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुद्दीन अंसारी, जिला कमिटी के सचिव राहुल पांडेय, स्थानीय प्रखंड अध्यक्ष सोनू सिंह, केतार प्रखंड अध्यक्ष रामभजन गुप्ता, संजय सिंह खरवार, रोहित पांडेय, त्रिपुरारी सिंह, दिवाकर चौबे, 20 सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, अमानत हुसैन सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों की कई विभिन्न समस्याओं से अवगत होते हुए निदान करने बात कही।

## सीएचसी विशुनपुरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**स्वास्थ्य मेला में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए उमड़ी ग्रामीणों की भीड़**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुरा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिकित्सा और परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपाधीक्षक डॉक्टर गोकुल कुमार संचालन विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा ने किया। वहीं मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी एवं आगंतुक अतिथियों का स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात फीता काट कर अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस मौके पर प्रमुख दीपा कुमारी ने कहा कि सरकार का एक बेहतर प्रयास है कि प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण आसानी से अपनी स्वास्थ्य जांच करा कर दवा ले सकेंगे। निश्चित रूप से क्षेत्र की जनता को लाभ होगा।

स्वास्थ्य मेला में विभिन्न रोग से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें सामान्य चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, कुष्ठ निवारण, आखों की जांच, मोतीयाविंद, पोषण परामर्श, टीकाकरण, मलेरिया, फाइलेरिया नियंत्रण, टीवी नियंत्रण, योगा, कैंसर नियंत्रण वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य, भारतीय चिकित्सा आयुर्वेद, यूनानी, आयुष्मान कार्ड, डिजिटल हेल्थ सहित शिविर में स्टॉल लगाकर लोगों का स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य मेला में कुल 750 लोगों की जांच की गयी। शिविर में मरीजों की जांच कर आवश्यक दवा दी गयी। साथ ही मेला में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए काफी भीड़ देखी गयी।

मौके पर आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार, डॉ राम किश्वर विश्वकर्मा, डॉ दयाशंकर ठाकुर, डॉ सौम्य कुमारी,तारा गुप्ता, इंदु देवी, रेहाना प्रवीण, बिटीटी संजय गुप्ता,अनुरंजन तिवारी, अशफाक अहमद,संतोष ठाकुर,विशुनपुरा मंडल भाजपा मीडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, छुनु ठाकुर,संजय चंद्रवंशी,म हेंद्र सोनल, अमरेंद्र प्रताप सहित कई लोग शामिल थे।

## पीएम के जन्मदिन पर आज से होगी सेवा पखवाड़ा की शुरुआत : रितेश चौबे



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 19 सितम्बर मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें युवाओं के द्वारा रक्तदान किया जाएगा। रक्तदान शिविर कार्यक्रम में सभी युवा एवं सामाजिक संगठनों के लोग आमंत्रित हैं। साथ ही जिले भर के सभी मंडलों में ब्लड ग्रुप के साथ डायरेक्टरी भी बनायी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा की शुरु आत की जाएगी। साथ ही 25 सितम्बर को जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर अनेकों प्रकार से सेवा का कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, संगठन के द्वारा गांव मुहल्ला हर जगह आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा। साथ ही 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर भाजयुमो द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर स्कूल, कॉलेज, मंदिर, शहीद स्मारक आदि अनेकों जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक अनेकों तरह के सेवा का कार्यक्रम किये जाएंगे।

भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एवं महापुरुषों की जयंती पर बड़े पैमाने पर सेवा का कार्यक्रम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी मंडल में कार्यकर्ता तैयारी कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा कार्यक्रम चलाया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, अनित तिवारी, सुधीर कुशवाहा, रवि कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, संजय तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### श्रीकृष्ण गौशाला समिति प्रतिनिधिमंडल गढ़वा उपायुक्त से मिलकर अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण गौशाला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने गढ़वा उपायुक्त से मिलकर गढ़वा श्रीकृष्ण गौशाला समिति की भूमि खाता संख्या- 31, प्लॉट संख्या- 729 तथा खाता संख्या- 62, प्लॉट संख्या- 728 पर नंदलाल पाण्डेय एवं इस्लाम कुरैशी द्वारा अवैध निर्माण किये जाने तथा गढ़वा अंचल कार्यालय द्वारा व्यक्ति से प्रभावित होकर दूसरे व्यक्ति के नाम से भी (दोहरा) डिमांड खोले जाने पर आपत्ति एवं शिकायत कर गौशाला समिति के अलावा दूसरे लोगों का डिमांड रद्द करने की मांग की। इसपर उपायुक्त ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है तथा गौशाला समिति की भूमि एवं रास्ते को बार-बार अवरूद्ध कर दुकान करने वाले पर कठोर कार्रवाई की मांग की गयी। जिसपर उपायुक्त ने पुनः अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का आश्वासन दिया। साथ ही गढ़वा पुलिस अधीक्षक से मिलकर श्रीकृष्ण गौशाला परिसर में कुछ अपराधी किस्म के लोगों द्वारा अड्डाबाजी, शराब, गांजा, हिरोईन आदि नशा करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गयी, जिसपर पुलिस अधीक्षक ने जल्द ही उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में सचिव रमेश कुमार दीपक, सत्येन्द्र दुबे, सुरेश प्रसाद शामिल थे।

### चलो करें आवास पूरे अभियान के तहत प्रखंड कार्यालय में बीडीओ ने की बैठक



**केतार (आजाद सिपाही)।** चलो करें आवास पूरे अभियान के तहत प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित आवासों को पूरा करना है। वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-23 तक कुल 198 लंबित आवास हैं। इन सभी लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने के लिए टैंगिग किया गया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड प्रमुख एवं संबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधियों को लंबित आवास को पूरा करने में सहयोग करने की अपील की है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, प्रखंड समन्वयक रविरंजन कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुशील पाठक, मुखिया मुनी देवी, प्रमोद कुमार, मूंगा साह, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, सियाराम शर्मा सहित प्रखंड कर्मी एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बीडीओ ने कर्मियों व जनप्रतिनिधियों को 410 अधूरे आवास को पूर्ण कराने के दिये निर्देश



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को चलो आवास पूर्ण करें अभियान के अंतर्गत बीडीओ ललीत प्रसाद सिंह ने शनिवार को समीक्षा बैठक की। बीडीओ ने उपस्थित कर्मियों व जनप्रतिनिधियों को अधूरे प्रधानमंत्री आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने की अपील की। कहा कि विवादित जमीन पर आवास का स्वीकृति नहीं लें। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास गरीबों की एक बहुत बड़ी योजना है। जिसे हम सभी को मिलकर व चुनौती के रूप में लेकर पूर्ण कराने की जरूरत है। वहीं जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे लाभ लेने की जरूरत है। वहीं मुखिया संघ के अध्यक्ष अजीत कुमार पांडे ने कहा कि प्रखंड में बालू उपलब्ध नहीं होने के कारण आवास पूर्ण नहीं हो सका है। जिसे हम सभी जनप्रतिनिधि शीर्घ पूर्ण कराने हेतु संकल्पित हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2016 से 2022 तक में कुल 6608 प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत किये गये। जिसमें अभी तक 410 आवास लाभुकों के विभिन्न कारणों की वजह से पूर्ण नहीं हो सके हैं। मौके पर मनरेगा अभियंता कुश केसरी, बीपीएम गिरजेश शर्मा, आवास ऑपरेटर श्रीकांत मेहता, सदर मुखिया दुलारी देवी, भागोडीह मुखिया रीता देवी, बुल्का मुखिया उर्मिला देवी, गम्हरिया मुखिया पनपती देवी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस : झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर जम कर बोला हमला, कहा**

# सत्येंद्र नाथ तिवारी के कार्यकाल में गढ़वा का सिर्फ सत्यानाश हुआ है

**जो खुद विधायक रहते अलकतरा चोरी मामले में जेल गया हो उसके मुंह से ईमानदारी की बातें शोभा नहीं देती : धीरज दुबे**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी पर जमकर हमला बोला है।

केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के कार्यकाल में गढ़वा कोमा में था और उन्होंने क्षेत्र का सिर्फ सत्यानाश किया है। जो खुद विधायक रहते अलकतरा चोरी मामले में जेल गया हो उसके मुंह से ईमानदारी की बातें शोभा नहीं देतीं। झूठ, फरेब, षड्यंत्र और अफवाह के दम पर पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने 10 सालों तक गढ़वा को लूटने का काम किया था। उन्होंने एक जनप्रतिनिधि के रूप में नहीं बल्कि एक पेशेवर ठेकेदार के रूप में अपना पूरा कार्यकाल बिताया है। उन्हें जनता की समस्याओं और उनके सुख-दुःख से कोई लेना देना नहीं रहा है। जब वह विधायक थे तब लोगों की पहुंच से दूर रहने के लिए हमेशा क्षेत्र से बाहर ही रहते थे। न उनके अंदर इच्छाशक्ति थी और न ही काम करने का जज्बा, वह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र को सिर्फ चारागाह समझते थे।

पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी को गढ़वा का विकास पच नहीं रहा है। चुनाव हारने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे 10 साल के कार्यकाल में 200 किलोमीटर रोड बना है। वर्तमान विधायक मिथिलेश ठाकुर उतना रोड भी बनवा दें तो बहु बड़ी बात होगी। आज मात्र साढ़े तीन साल के कार्यकाल में विधायक मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 700 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया है। कई मूलभूत संरचनाएं विकसित की गईं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन एवं खेल के क्षेत्र में गढ़वा में पूर्व की तुलना में सैकड़ों गुना अधिक विकास किया है।

पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी स्तरहीन एवं घटिया राजनीति पर उतारू हो गए हैं, वह घर बताने के लिए छह लाख की इनाम की घोषणा कर रहे हैं। आम जनता ने ही जवाब दे दिया कि मिथिलेश ठाकुर का घर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र की हर जनता का घर है। अब जनता उनसे पूछना चाहती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से क्यों चुनाव लड़ रहे हैं? पलामू लोकसभा के सांसद विष्णु दयाल राम का घर कहां है? विधायक कोटा की राशि को लूटने वाले पूर्व विधायक क्या इनाम की राशि भी इसी लूट की कमाई से देंगे?

श्री दुबे ने कहा कि हैसियत से हम बहुत छोटे आदमी हैं, फिर भी पूर्व विधायक को चुनौती देते हैं कि वह पूरे विधानसभा में 10 काम विधायक कोटा का गिना देंगे तो हम उन्हें 10 हजार रुपया पुरस्कार के रूप में देंगे।

### सगमा के युवक की कोलकाता में करंट से मौत, शव आने पर गांव में पसरा मातम

**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा निवासी नागेन्द्र यादव के 22 वर्षीय पुत्र बिदवंत कुमार यादव की मौत वेस्ट बंगाल कोलकाता के रानाघाट में तैंतीस हजार प्रवाहित बिजली करेंट की चपेट में आने से हो जाने के चौबीस घंटे बाद शनिवार को एम्बुलेंस के माध्यम से शव पैतृक गांव सगमा लाया गया। शव गांव आते ही मृतक के घर सांत्वना देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी अनुसार बिदवंत कुमार पिछले कुछ माह पूर्व कोलकाता के राणाघाट में केसीसी लिमिटेड कंपनी में कार्य करता था। शुक्रवार को काम पर गया इसी बीच मशीन के बाइंडर तैंतीस हजार बिजली प्रवाहित करंट में सट जाने से बिदवंत की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। शव आंते ही पूरे गांव में मातम का माहौल है।

## चौकीदार हत्याकांड में संलिप्त माओवादी के पूर्व सदस्य को चैनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 15-20 वर्षों से फरार चौकीदार हत्याकांड में संलिप्त पूर्व माओवादी सदस्य सोमरा उरांव (35) को शनिवार सुबह चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगांवल मोड़ से चैनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार सोमरा उरांव वर्ष 2007 में चैनपुर थाना के चौकीदार जोसेफिन कुजूर हत्याकांड में संलिप्त था। वर्ष 2007-08 में माओवादी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए चैनपुर डुमरी एवं कुरुमगढ़ इलाके के माओवादी वारदातों में शामिल था। सोमरा उरांव चैनपुर एवं डुमरी थाने में विस्फोटक पदार्थ रखने, आर्म्स एक्ट, सीएलए एक्ट जैसे सात मामलों में वांछित रहा है। इसके खिलाफ न्यायालय के द्वारा सात स्थाई वारंट निर्गत भी है। पिछले 15-20 वर्षों से माओवादी संगठन को छोड़कर दिल्ली में रहता था। कुछ दिन पूर्व सोमरा उरांव अपने गांव रातू जामटोली आया हुआ था। जिसकी गुप्त सूचना चैनपुर पुलिस को मिली थी, जिसके बाद चैनपुर पुलिस ने एक टीम गठित कर छापामारी करते हुए तिगांवल मोड़ के पास से सोमरा उरांव को धर दबोचा। इधर चैनपुर पुलिस ने सोमरा उरांव को गिरफ्तार कर शनिवार को उसे जेल भेज दिया। छापेमारी दल में चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, पुअनि मुकेश कुमार, आरक्षी दीपक कुमार एवं आरक्षी प्रवेश कुमार के साथ-साथ बल के जवान शामिल थे।

## चेंबर ने विभिन्न उपसमितियों के लिए चेयरमैन एवं सहयोगियों का किया मनोनयन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेम्बर ने विभिन्न कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए विभिन्न विभागों के चेयरमैन एवं उनके सहयोगी का मनोनयन किया गया है। जिसकी सूचना सभी सदस्यों एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को दे दी गई है । बैंकिंग विभाग के लिए बृज किशोर फोगला , राहुल केशरी , आदित्य चुप्ता , सुमित साबु को मनोनीत किया गया है। वहीं नगर परिषद विभाग के लिए बबलू वर्मा , मो .इम्तियाज , द्वारिका मिश्रा , मनिष कुमार, वित्त विभाग के लिए पंकज खण्डेलवाल , प्रदिप सोनी , प्रकाश मंत्री , अमित मंत्री कृषि विभाग के लिए प्रणव कुमार साहू , अजय कुमार , संजीव मलानी , प्रदिप सोनी घुरमित सिंह , राजेश सिंह , बबलु वर्मा आदि का मनोनय हुआ है। इसके अतरिक्त विभिन्न विभागों के लिए अकाश भारती, अमित मंत्री गोलू , सुनीलाल साहु आनन्द पुप्ता , अजय कुमार सिंह, अभिजित जयसवाल , दिलीप गुप्ता , बबलु गुप्ता , प्रतिक अग्रवाल, विकाश सिंह , जिरज गुप्ता , प्रणय कुमार , अरविन्द सोनी , राजेश सिंह , अमित मंत्री ( गोलू ) , राजु रंजन श्रीवास्तव , गुन्जु शर्मा, नीरज गुप्ता , विजय शंकर वास , राजकुमार , विषेश आनन्द, मुनीलाल साहू . कोशलेन्द्र झमुबार , मो. इम्तियाज, दिनेश प्रसाद, राजेश लोहानी , रितेश कुमार , संजीव मलानी , प्रतिक अग्रवाल, ज्योति कुमारी , ललिता गुप्ता , सोनी अगत , सुषमा गुप्ता, सत्यनारायण पटेल , पंकज खण्डेलवाल , सुमित अगवाल , राजेश सिंह, अजय कुमार थान , पंकज खण्डेलवाल , संजीव मलानी , श्याम गुप्ता आदि मनोनित किए गए हैं।

## कंसगढ़िया समाज प्रतिनिधिमंडल ने पिछड़ा आयोग कार्यालय को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही परेशानी की दी जानकारी

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत पालकोट कंसारी मोहल्ला के कंसगढ़िया समाज का प्रतिनिधिमंडल विधायक भूषण बाड़ा के नेतृत्व में पिछड़ा आयोग रांची कार्यालय पहुंच जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही समस्याओं की जानकारी दी। मौके पर विधायक ने बताया कि कंसगड़िया समाज के लोग लगभग ढाई सौ वर्षों से पालकोट प्रखंड सहित आसपास के इलाकों में रहते हैं। सिर्फ पालकोट प्रखंड में इनकी संख्या पांच हजार के आसपास होगी। पूर्व में कंसगड़िया समाज को ओबीसी का जाति प्रमाण पत्र बनता है। लेकिन पूर्वर्ती सरकार के समय सभी खतियान को ऑनलाइन किए जाने के बाद कंसगड़िया समाज का जाति प्रमाण पत्र ही नहीं बन रहा है। सरकार द्वारा ऑनलाइन दर्ज किए जाति की सूची कंसेरा जाति दर्ज किया गया है। जबकि कंसगड़िया शब्द का जिक्र नहीं हुआ है।कंसगड़िया दर्ज नहीं होने के कारण कंसगड़िया समाज का ओबीसी का जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो पा रहा है। इससे इस समाज के लोग सरकारी योजना का लाभ लेने से भी वंचित हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि जल्द ऑनलाइन खतियान में दर्ज त्रुटि को सुधार करते हुए कंसगड़िया समाज को ओबीसी जाति का जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाये। ताकि ये समाज भी सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें। मौके पर पालकोट प्रखंड अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि विधायक भूषण बाड़ा कंसगड़िया समाज के खतियान में हुई त्रुटि को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं, ताकि कसगड़िया समाज को पिछड़े वर्गों की सूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। प्रतिनिधिमंडल में विधायक प्रतिनिधि बसंत गुप्ता, मनोज कंसारी, भरत कंसारी, राजकिशोर कंसारी, हरिश्चंद्र कंसारी, रविंद्र नारायण कंसारी, प्रह्लाद कंसारी सहित समाज के कई लोग शामिल थे।

**प्रेस कांफ्रेंस : गुमला पुलिस ने नशे के कारोबारियों पर की कार्रवाई**

# तीन पैकेट ब्राउन शुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**युवकों के पास से बरामद 35 ग्राम ब्राउन शुगर की कीमत करीब 80 हजार रुपये बतायी जा रही है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुप्त सूचना के आधार पर घाघरा पुलिस ने तीन पैकेट में कुल 35 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवकों में तर्री निवासी 23 वर्षीय जयदेव सिंह उर्फ सोनू, तर्री निवासी 21 वर्षीय विशाल कुमार सिंह पिता स्व. रामचरण लाल और लक्ष्मण नगर निवासी 23 वर्षीय अंकित कुमार पिता रामनाथ खेरवार शामिल हैं।

इस संबंध में गुमला एसपी ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। जानकारी देते हुए बताया गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि कुछ युवक गढ़वा एवं लातेहार जिला से ब्राउन शुगर खरीद कर गुमला जिला में बेच रहे हैं। जिससे काफी कम उम्र के लड़के नशे के आदी हो रहे हैं और समाज पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात्रि करीब 11:00 बजे गुमला एसपी को गुप्त सूचना मिली कि एक बाइक पर तीन युवक कुछ घंटे पहले गढ़वा जिला से ब्राउन शुगर लेकर गुमला के लिए निकले हैं।

सूचना के आलोक में एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा देवाकी पुल के पास एंटी क्राइम वाहन जांच लगाया गया। रात्रि करीब एक बजे एक टीवीएस बाइक पर तीन युवक बिशुनपुर की ओर से घाघरा की ओर आते देखे गए। सशस्त्र बल के सहयोग से तीनों युवकों को रोका गया और तलाशी ली गई, जिसमें जयदेव सिंह के जींस के पॉकेट से तीन प्लास्टिक का पुड़िया में 9 ग्राम, 5 ग्राम और 1 ग्राम कुल 15 ग्राम, 10 के नोट का पाइप नुमा बना एक रोल, बैगनी रंग का एक लाइटर, एक मोबाइल फोन विशाल कुमार के पॉकेट से दो प्लास्टिक का पुड़िया जिसमें 5-5 ग्राम के दो पुड़िया में कुल 10 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोबाइल फोन अंकित कुमार के पॉकेट से 5-5 ग्राम का दो पुड़िया एक मोबाइल फोन व टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल बरामद किया गया। तीनों युवकों से पूछताछ के दौरान अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया यह ब्राउन शुगर है तथा गढ़वा के डीलर मनीष कुमार के यहां से लेकर आ रहे हैं जिसे गुमला में बेचते व सेवन करते हैं। जिसके बाद घाघरा थाना में तीनों के विरुद्ध कांड अंकित किया गया और न्यायालय में पेश करते हुए तीनों को जेल भेज गया। वही 35 ग्राम ब्राउन शुगर की कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई जा रही है।

छापामारी दल में गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल, घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, टेकलाल महतो ,अभिषेक कुमार ,विजयकांत पांडे, शिवनाथ कुजूर और बसंत महतो सहित सशक्त बल के जवान शामिल थे।

## खेलो झारखंड के तहत प्रतियोगिता आयोजित

**विजेता टीमें 3 अक्टूबर से रांची में राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जिला मुख्यालय के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर 14 से लेकर अंडर 19 तक बालक-बालिका वर्ग के गुमला जिले के 12 प्रखंडों बसिया, भरनो, सिसई, बिशुनपुर, डुमरी, कामडारा, घाघरा, पालकोट, चैनपुर, रायडीह, जारी, की टीम ने इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। दो दिवसीय प्रतियोगिता के प्रथम दिन कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल, रेसलिंग इत्यादि खेला गया। जिसमें विजेता टीमें राज्य की राजधानी रांची खेलगांव में 3 अक्टूबर से होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। वहीं इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीम को मोमेंटो व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में अंडर 14 का फाइनल मुकाबला राजकीय उच्च विद्यालय कोनसा, कामडारा व राजकीय उच्च विद्यालय डुमरी के बीच खेला गया। जिसमें राजकीय उच्च विद्यालय कोनसा की टीम विजयी रही। वहीं अंडर 17 में मगही उच्च विद्यालय, सिसई की टीम विजेता व गवर्नमेंट हाई स्कूल, सुरसांग की टीम उपविजेता रही। खो खो प्रतियोगिता बालिका वर्ग में अंडर 14 व 17 में राजकीय उच्च विद्यालय, पबेया भरनो की टीम विजेता रही। अंडर 17 बालक वर्ग में राजकीय उवि, पबेया भरनो की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालिका वर्ग में अंडर 17 में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय भरनो,अंडर 19 में एसएस प्लस टू भरनो की टीम विजेता रही।

## नगर परिषद वार्ड मुहल्लों में फॉगिंग मशीन से छिड़काव कराये : दामोदर कसेरा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डेंगू का प्रकोप झारखंड में विकराल रूप लेने लगा है। लेकिन गुमला में इसकी रोकथाम के लिये क्या योजना बनाई गई है अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्वास्थ्य विभाग इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए इसकी रोकथाम के लिये लोगों को जागरूक करे ताकि गुमला में इस प्रकोप से बचा जा सके। उक्त बातें चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कही। उन्होंने कहा कि गुमला नगर परिषद को भी सभी वार्डों में फॉगिंग मशीन के द्वारा छिड़काव करना चाहिए ताकि इसके प्रकोप से लोगों की जान बचाई जा सके। गुमला नगर क्षेत्र में कई ऐसी सड़कें हैं जहां गड्ढा होने के कारण जल जमाव हो गया है। इसके कारण गुमला में कभी भी डेंगू के प्रकोप का सामना करना पड़ सकता है। इस पर नगर परिषद तत्काल संज्ञान लेते हुए सड़क बनवाने की पहल करे, नहीं तो नगर परिषद के खिलाफ आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## भरनो के नये सीओ के रूप में अविनाश ने दिया योगदान



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो अंचल कार्यालय में शनिवार को नये अंचलाधिकारी के रूप में अविनाश कुजूर ने योगदान लिया। वहीं पूर्व सीओ संजीव कुमार ने नये सीओ को प्रभार दिया। इस दौरान नव पदस्थापित सीओ अविनाश कुजूर ने कहा कि जितने भी लेटिगेटेट मामले हैं उसको सुझाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी काम जनता के भलाई के लिये होगा वही काम मेरे लिये प्राथमिकता होगी। वहीं निववर्तमान सीओ संजीव कुमार ने कहा कि भरनो में लगभग ढाई साल का कार्यकाल रहा। इस दौरान मैंने अपनी पूरी कार्यक्षमता के साथ अंचल के सभी कार्यो का निष्पादन करने का प्रयास किया। अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों से सहयोग मिला। बताते चलें कि नये सीओ अविनाश कुजूर 6वीं बैच की सीओ हैं और पदस्थापन की प्रतीक्षा में सचिवालय रांची में थे। पूर्व सीओ संजीव कुमार चान्हो में नये सीओ के पद पर कार्य करेंगे। इस दौरान बीडीओ तेज कुमार हस्सा ने भी नये सीओ का स्वागत किया और सभी कर्मियों ने उनका स्वागत किया तथा निववर्तमान सीओ संजीव कुमार को विदाई दिया। मौके पर सीआई शाहिद अनवर, नाजिर कल्याणी कुमारी, मेजरन पन्ना, अंजू देवी, रविन्द्र कुमार झा, बलराम भगत, स्नेहलता मिंज, शिवम पांडेय, अंशुमान सिंह, गोविंदा, चामा देवी, समला उरांव,पतितपावन शाही,मीर दुबराज, मीर गुलजार, समीम एजाज, अजित केशरी, टिंकू केशरी, गन्दूर उरांव उपस्थित थे।

## भतीजा ने टांगी से मारकर की चाची की हत्या

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के धोबनी खपरा टोली में भतीजा ने चाची 40 वर्षीय बिरसमुनी देवी की टांगी से मार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार मृतका के पति सुमन भगत ने बताया कि बीती शुक्रवार की शाम लगभग 5 बजे बिरसमुनी अपने घर के आंगन में झाड़ू कर रही थी, इसी दौरान भतीजा लखेश्वर उरांव ने बिरसमुनी से कहा इधर झाड़ू मत करो तो बिरसमुनि ने कहा गंदा है। इसीलिए झाड़ू कर रही हूं क्या दिक्कत है। बस इसी बात पर लखेश्वर ने आंगन में रखे टांगी से बिरसमुनी के सिर पर कई वार कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में परिजन बिरसमुनी को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये जहां इलाज के बाद तुरंत रांची रिम्स ले जाया गया। शनिवार को सुबह में बिरसमुनि की मौत हो गई। जिसके बाद से घाघरा थाना को इसकी सूचना देते हुए शव को घाघरा थाना लाया गया। जहां पुलिस ने हत्यारा भतीजा लखेश्वर को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर बताया कि सूचना मिलते ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**कार्यक्रम : एनीमिया मुक्त भारत के तहत एसटीटी एवं बीटीटी का प्रशिक्षण शिविर आयोजित, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा**

# आनेवाली पीढ़ियों के जीवन को प्रभावित करने वाली एक स्वास्थ्य समस्या है अनीमिया

**जिला स्वास्थ्य समिति और एविडेंस एक्शन ने किया संयुक्त रूप से किया प्रशिक्षण का आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति और एविडेंस एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में एनीमिया मुक्त भारत के तहत आयरन अनुपूरक पर जिला स्तरीय एक दिवसीय एसटीटी एवं बीटीटी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला आरसीएच पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिन्हा और अभिनित आनंद, जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डॉ सिन्हा ने कहा कि खून में यदि हीमोग्लोबिन की मात्रा एक निश्चित मापदंड से कम हो जाती है तो विभिन्न अंगों में आक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो पाती है जिससे शरीर एवं मानसिक व्याधियां उत्पन्न होने लगती हैं जिसे रक्तअल्पता या एनीमिया कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आयरन की कमी से होने वाले अनीमिया में शरीर में आयरन, फोलिक एसिड एवं विटामिन बी 12 की कमी हो जाती है। अनीमिया हमारे शारीरिक, मानसिक विकास, कार्य क्षमता तथा आने वाली पीढ़ियों के जीवन को प्रभावित करने वाली एक स्वास्थ्य समस्या है। अभिनित आनंद, जिला कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि अनीमिया के कारण खून में आयरन की कमी, आहार में लौह तत्वों की अपर्याप्त मात्रा से, कृमि संक्रमण, मासिक धर्म के दौरान अधिक रक्त स्राव, अल्प आयु में विवाह एवं गर्भधारण, आहार में विटामिन जैसे कि फोलिक एसिड, विटामिन सी, विटामिन बी -12 की कमी, हिमोग्लोबिनोपैथी हीमोग्लोबिन की निर्माण प्रक्रिया में परिवर्तन, थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया माता पिता से अनुवांशिक तौर पर मिलने वाला रक्त रोग है, उच्च फ्लोराइड के कारण फ्लोरोसिस प्रमुख हैं। प्रशिक्षक के तौर पर उपस्थित एविडेंस एक्शन के क्षेत्रीय समन्वयक राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि अनीमिया मुक्त भारत के तहत स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्य करना है। तभी हम अनीमिया मुक्त भारत को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आईएफए अनुपूरण, डिवर्मिंग, पौष्टिक आहार, खाने में विविधता, जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी पर फोकस, एनीमिया में कमी लाने के लिए हितधारक विभागों के बीच तालमेल शामिल हैं। इस अवसर पर एसटीटी आरती श्रीवास्तव, बीटीटी बबीता देवी, सीमा देवी, पारसनाथ साहू, सुशांतिधारी किंडो, विरेन्द्र उरांव, सारिका तिर्की, एजरस एक्का, शांता टोप्पो, जोसफिन मिंज, जीवंती कुमारी, जयमंती तिर्की, अंजू तिर्की, बालमुकुंद भगत, उर्मिला देवी, उमा देवी, रोजालिया कुजूर, जसिंता कुजूर, पदमा कुमारी, मो. रिजवान, देवेश कुमार, बबीता देवी, चिंता देवी, जसिंता तोपनो, शुभेश्वर सिंह, प्रिया केरकेट्टा, लीलन कुमारी, सिलवंती मिंज, विनिता सोरेंग आदि उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सिसई में संकल्प यात्रा के तहत 20 सितंबर को बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर भाजपा की तैयारियां जोरों पर



**सिसई (आजाद सिपाही)।** विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा के तहत 20 सितंबर को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर भाजपा की तैयारियां जोर-शोर चल रही हैं। एक ओर जहां भाजपा के सभी सातों मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता भरपूर जोश के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम स्थल में भी पंडाल, पहुंच पथ व अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पूर्व स्पीकर सह पूर्व सिसई विधायक डॉ दिनेश उरांव, जिलाध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी सहित प्रखंड व जिला कमेटी के पदाधिकारी जायजा लेने कार्यक्रम स्थल पहुंचे। साथ ही पुसो व सिसई मंडल के लिए प्रचार वाहन को रवाना किया गया। इस दौरान डॉ दिनेश उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी बुधवार के कार्यक्रम में सिसई, भरनो, बसिया, कामडारा व पुसो मंडल की हजारों हजार की संख्या में जनता झारखंड की हेमंत सोरेन के कुशासन, भ्रष्टाचार व लूट की सरकार खिलाफ सिसई के रावण दहन मैदान में पहुंचेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को एतिहासिक व सफल बनाने में भाजपा के गांव से लेकर प्रखंड व जिला स्तर के कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी पूरी लगन से जुटे हुए हैं। मौके पर भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी अमन यादव, लालमोहन साहू, निरंजन सिंह, विजय मिश्रा, नन्दकिशोर सिंह, विश्वनाथ जायसवाल, बालेश्वर उरांव, सरवर अंसारी, मनोहर नायक, हेमंत ताम्रकार, चरवा उरांव, संजय महतो, सुखलाल राय सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल, कोनबीर नवाटोली में विद्यार्थियों को विज्ञान प्रदर्शनी दिखायी गयी



**बसिया (आजाद सिपाही)।** मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल कोनबीर नवाटोली में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी दिखायी गयी। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय लकड़ा ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इसके पूर्व स्कूल के प्रिंसिपल ब्रदर विनय मिनाटूर ने अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ विजय लकड़ा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जो भी कार्य करें उसे पूरी लगन और मेहनत से करें, चाहे खेल हो, पढ़ाई हो या मस्ती। उसमें अपना सौ प्रतिशत दें। विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान, सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरण, जैसे विषय पर प्रदर्शनी दिखायी गयी। इसमें मुख्य रूप से इसरो के अंतरिक्ष कार्यक्रम चंद्रयान मॉडल, भारतीय मिसाइल और रॉकेट मॉडल, वाटर प्रदूषण, भारत के राज्यों में उगायी जा रही मुख्य फसलों, मिट्टी के प्रकार, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, पवन ऊर्जा, भारतीय अर्थव्यवस्था, गणित, अपशिष्ट प्रदार्थों के उपयोग और नष्ट करने के उपाय, पारंपरिक औजार, वाटर फिल्टर, प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया, पार्ट ऑफ कम्प्यूटर, भारतीय शासकों की अवधि, सोशल मीडिया, ग्रामर, आजादी की लड़ाई, वाटर साईकल, ज्वालामुखी, शरीर की क्रियाविधि, कुतुबमीनार, कोनबीर ग्राम का नक्शा, जलतरंग, ट्राइबल कम्युनिटी, मिट्टी कटाव और बचाव, अंधविश्वास, बाल विवाह के दुष्परिणाम, छुआछूत, हवा प्रदूषण, मानव जीवन, धातुओं के गुण समेत अनेक विषयों को सुंदर प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। मौके पर वाइस प्रिंसिपल जेवियर टेटे, फादर मतियस, ब्रदर अमर कंडुलना, सेल्सियुस जोजो, चंदशेखर साहू, रुस्तम तिर्की, समीर मिंज समेत छात्र-छात्रायें और अभिभावक उपस्थित रहे।

## वीर शहीद तेलंगा खड़िया पुस्तकालय में साक्षात्कार से लाइब्रेरियन के एक पद पर हुई नियुक्ति



**सिसई (आजाद सिपाही)।** वीर शहीद तेलंगा खड़िया पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक शनिवार को लाइब्रेरियन सह कम्प्यूटर ऑपरेटर नियुक्ति को लेकर पीताम्बर झा की अध्यक्षता में हुई। लाइब्रेरियन के एक पद हेतु कुल सात अभ्यर्थी साक्षात्कार में शामिल हुए। जिसमें हंस नगर कुम्हार मोड़ निवासी एमए समकक्ष रेखा कुमारी को लाइब्रेरियन के रूप में नियुक्ति कर उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं लाइब्रेरी के अध्यक्ष पीताम्बर झा ने बताया कि 17 सितंबर (रविवार) को 3 बजे डीएसपी विकास श्रीवास्तव व अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता के द्वारा पुस्तकालय में विद्यार्थियों को स्पेशल क्लास करायी जाएगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को दोनों अधिकारियों के क्लास में शामिल होने के लिए समय पर पुस्तकालय में उपस्थित होने की अपील की है। मौके पर सीओ अरुणिमा एक्का, कार्यकारी अध्यक्ष अघनु खड़िया, सचिव देवेंद्र उरांव, कोषाध्यक्ष मंजू भगत, सलमान अली, रोहित शर्मा, दीपक अधिकारी, रवींद्रनाथ अधिकारी, कांशीनाथ साहू, विजय लक्ष्मी कुमारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## चुंदरी पंचायत सचिवालय में फसल राहत योजना रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित चुंदरी पंचायत सचिवालय में झारखंड राज्य फसल राहत योजना के रजिस्ट्रेशन को लेकर शनिवार को दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ऑनलाइन फॉर्म भरने हेतु कंप्यूटरर की व्यवस्था की गई। साथ ही फॉर्म व निशुल्क कागजातों की फोटो कॉपी भी की गयी। कुल 26 किसानों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय से पंचायत की दूरी 12 किलोमीटर है और बहुत से किसान यहां तक पहुंच नहीं पाते हैं। जिनकी सुविधा के लिए शिविर का आयोजन कराया गया, ताकि सभी किसानों को उसका लाभ मिल सके। मौके पर उप मुखिया अजीत मनी पाठक, चक्रधारी सिंह, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, मुनेश्वर उरांव, जगमनिया कुमारी, अनिल भगत, विनोद भगत, आनंद महली, मनमेंथ देवी, किसान ज्वेल उरांव, सतीश भगत, मंगरी देवी, शुकरा भगत, जगन्नाथ उरांव, बुधु भगत, बसंती देवी, अंजली देवी, राजू महली, रामी देवी, अनीता देवी, चंद्रदेव उरांव, धनु उरांव, देवलाल प्रजापति अन्य किसान उपस्थित थे।

